Bareilly Wednesday
19 April 2023
BAREILLY EDITION

दैनिक जागरण

PAGE NO : II BOTTOM

बासुबरल और मिशन एकेडमी विजयी

जागरण संवाददाता, बरेली : चौथे श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच बासुबरल सरस्वती और उड़ान वर्ल्ड स्कूल के बीच खेला गया। बासुबरल ने टास जीतकर उड़ान वर्ल्ड स्कूल को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। उड़ान वर्ल्ड स्कूल की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 92 रन बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बासुबरल की टीम ने 15.2 ओवर में ही पांच विकेट से मैच जीत लिया। बासुबरल के शिवम पटेल को मैन आफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच गिरीश प्रसाद मेमोरियल व मिशन एकेडमी के बीच खेला गया। जीपीएम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 97 रनों का स्कोर बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मिशन एकेडमी की टीम ने सात विकेट से जीत हासिल की।